

**FREE -PRESS**
**10/06/26**

# PM College of Excellence panel approves academic, infrastructure reforms



**FP News Service**
NARMADAPURAM

The Public Participation Committee of PM College of Excellence held a meeting under the chairmanship of District Collector and Committee Chairman Somesh Mishra, focusing on infrastructure development, academic enhancement, and student welfare.

The committee directed the preparation of a detailed income and expenditure report of the college and approved industrial visits for students to strengthen employment-oriented learning under the New Education Policy (NEP). Approval was also granted for the purchase of books aligned with the NEP curriculum.

Collector Mishra instructed the college administration to initiate correspondence with the Higher Education Department regarding issues related to the Law Faculty of MV College.

A proposal for constructing a drain behind the college campus to facilitate water discharge received conditional approval.

The committee emphasized that the executing agency must conduct a site inspection and technical assessment to ensure the project does not lead to waterlogging on campus.

The committee also approved renaming the college study room as Vivekananda Kaksh and decided to develop it into a dedicated silence zone equipped with computers and other modern facilities.

Members and college officials offered several suggestions aimed at improving the academic environment and overall student experience.

## जनभागीदारी समिति की बैठक में हुआ निर्णय

# शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम अनुरूप पुस्तकें खरीदने को मिली स्वीकृति



**नर्मदापुरम.** पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में सोमवार को कलेक्टर व समिति अध्यक्ष सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति की बैठक हुई। इसमें अधोसंरचना विकास और विद्यार्थियों के हित से जुड़े विषयों पर चर्चा कर निर्णय किए।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने महाविद्यालय की आय-व्यय का विस्तृत ब्योरा तैयार करने के निर्देश दिए। नवीन शिक्षा पद्धति के तहत विद्यार्थियों के रोजगारोन्मुखीकरण को बढ़ावा देने औद्योगिक प्रतिष्ठानों के भ्रमण कार्यक्रम करने के प्रस्ताव पर समिति ने सहमति दी। नवीन शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम अनुरूप आवश्यक पुस्तकों के क्रय की स्वीकृति भी प्रदान की गई। एमवी महाविद्यालय के विधि संकाय की संपदाता से संबंधित विषय पर उच्च शिक्षा विभाग से पत्राचार करने के निर्देश दिए। महाविद्यालय परिसर में नाले के पानी की निकासी के लिए नाली निर्माण के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। समिति ने सशर्त सहमति देते हुए निर्देश दिए कि निर्माण के बाद जलभराव न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए तकनीकी आकलन के बाद ही कार्य होगा। समिति ने अध्ययन कक्ष का नाम विवेकानंद कक्ष करने पर सहमति दी। इसे साइलेंस जोन के रूप में विकसित कर कंप्यूटर सहित अन्य उपकरणों से सुसज्जित करने का निर्णय भी लिया गया है।

पत्रिका

09 - 06 - 2026